सम्मानृनीय महोदय / महोदया,
सादर जय जिनेन्द्र !

- सर्वप्रथम हम आपको अवगत कराना चाहते हैं कि **चातुर्मास हेतु प.पू. आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज, 39 मुनि संघ सहित सागर शहर से मात्र 75 कि.मी. दूरी पर अतिशयक्षेत्र श्री बीनाजी बारहा में विराजमान हैं।** उपाध्याय निर्भयसागर महाराज ससंघ मोराजी में विराजमान हैं साथ ही मुनि श्री पवित्र सागर एवं प्रयोग सागर महाराज ससंघ रहली में मुनि श्री पुष्पदंत सागर एवं भव्यसागर महाराज जरूवाखेड़ा में, मुनि श्री श्रेयांस सागर महाराज एवं क्षुल्लक प्रशय सागर महाराज विद्याभवन सुभाषनगर में मुनि श्री कुंथु सागर महाराज ससंघ बीना में मुनिश्री महासागर महाराज एवं विशदसागर महाराज नेहानगर मकरोनिया, आर्यिका गुरूमति माताजी एवं आर्यिका दृढमति माताजी ससंघ सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में विराजमान हैं। आर्यिका प्रभावना मति माता जी ससंघ बंडा में, आर्यिका ऋजुमति माता जी, ससंघ केसली में, आर्यिका गुणमति माता जी ससंघ दलपतपुर में, आर्यिका मृदुमति माता जी एवं आर्यिका निर्णयमति माता जी वर्णी कालोनी में चातुर्मास हेतु विराजमान हैं। अतः आप धर्म लाभ लेने हेतु सादर आमंत्रित हैं।
- **<u>चलित चिकित्सा इकाई</u>**– इस सेवा अन्तर्गत 22 जून से 18 अगस्त की अवधि में 16 स्वास्थ्य परीक्षण शिवर आयोजित किये गये। जिसमें कुल .......... बच्चे, युवा, वृद्ध लाभान्वित हुए। चलित चिकित्सा इकाई में डॉ. बी.पी. त्रिवेदी एवं पैरामेडीकल स्टाफ ने अपनी सेवायें प्रदान कीं।
- **<u>रक्तदान शिविर</u>** – दिनांक 03 मई को स्वावलंबन सोसायटी अरिहंत विहार कॉलोनी मकरोनिया, सागर 06 मई को खेमचंद हॉस्पिटल सागर तथा 05 जुलाई को रोटरी क्लब के सौजन्य से रक्तदान शिविर आयोजित कराये गये जिसमें कुल 69 इकाई रक्त प्राप्त हुआ।
- **<u>लोकार्पण समारोह</u>** – दिनांक 01 जून को चिकित्सालय में नवनिर्मित सामान्य चिकित्सा कक्ष का लोकार्पण डॉ. दीपक जैन (न्यूरोफिजिशियन) इंदौर, डॉ. वर्षा जैन (इनफर्टीलिटी विशेषज्ञ) भोपाल, के आतिथ्य में किया गया।
  - **डॉ. दीपक जैन का सम्मान** – इंदौर के प्रसिद्ध उद्योगपति श्री नरेन्द्र कुमार जी जैन द्वारा डायलेसिस मशीन प्रदत्त करने तथा डॉ. दीपक जैन की उत्कृष्ट सेवाओं पर भाग्योदय तीर्थ के न्यासियों ने उनका सम्मान किया।
  - **बांझपन निवारण एवं हड्डी रोगियों के लिए निःशुल्क शिविर** – समारोह अन्तर्गत ही निःसंतान दम्पत्तियों एवं हड्डी रोगियों की सेवार्थ विशेष निःशुल्क परामर्श शिविर आयोजित किया गया जिसमें डॉ. वर्षा जैन तथा डॉ. निशांत जैन ने अपनी सेवायें प्रदान कीं।
- **<u>योग दिवस</u>** – दिनांक 21 जून को न्यास परिसर में **<u>अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस</u>** का आयोजन किया गया। इस दिवस न्यास द्वारा संचालित नर्सिंग, पैरामेडीकल एवं फार्मेसी महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने विविध योग क्रियायें सामूहिक रूप से की।
- **<u>नवीन पैथोलॉजी तथा स्वागत परिक्षेत्र का लोकार्पण</u>** दिनांक 30 जून को प.पू. आचार्य श्री के 48वें दीक्षा दिवस के अवसर पर चिकित्सालय में नवनिर्मित पैथोलॉजी कक्ष तथा स्वागत परिक्षेत्र का लोकार्पण मेजर जनरल पृथीसिंह (जनरल ऑफीसर कमांडिंग सागर केन्ट) के आतिथ्य में किया गया एवं भाग्योदय चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधाओं की सराहना की।
- **<u>डॉक्टर्स डे</u>** – दिनांक 01 जुलाई को डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में न्यास के सौजन्य से सभी जनरल ड्यूटी मेडीकल ऑफीसर को सम्मानित किया गया।
- **<u>व्याख्यान</u>** – दिनांक 11 अगस्त को न्यास परिसर में ब्लड बैंक कुशल संचालन हेतु विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें जबलपुर मेडीकल वि.वि. के डिप्टी रजिस्ट्रार तथा NSCB Medical College पैथोलॉजी विभाग जबलपुर के प्रोफेसर डॉ. शरद जैन ने सुरक्षित ब्लड ट्रांसफ्यूजन पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।
- **<u>स्वतंत्रता दिवस समारोह एवं मेमौग्राफी मशीन, हृदय चिकित्सा विभाग तथा नवीन शिशु विभाग का लोकार्पण</u>** – न्यास परिसर में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में पूर्व विधायिका श्रीमति सुधा जैन, पूर्व न्यासी डॉ. विजय मुणोत तथा डॉ. अशोक सिंघई ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर महाविद्यालयीन विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। पश्चात अतिथियों ने मेमौग्राफी मशीन, हृदय सुपर स्पेशियालिटी चिकित्सा विभाग तथा नवीन शिशु विभाग का लोकार्पण किया तथा न्यास की चिकित्सा सुविधाओं की सराहना की।
- **<u>डॉ. अमरनाथ जी जैन जन्म जयंजी</u>** – पूर्व प्रबंध निर्देशक स्व. डॉ. अमरनाथ जी जैन की जन्म जयंती दिनांक 31 अगस्त को न्यास द्वारा मरीजों के लिए जांच परीक्षणों पर 20% अतिरिक्त चेरिटी की गयी।
- **<u>नर्सिंग महाविद्यालय</u>** – B.Sc. Nursing तथा GNM पाठ्यक्रम में भी सभी शीट्स जुलाई माह में ही भर चुकी थीं।
  - दिनांक 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने ''बढ़ती जनसंख्या एक समस्या'' एवं महिला स्वास्थ्य, महिला अधिकार आदि विषयों पर पोस्टर प्रदर्शनी लगायी।
  - 22 जुलाई विश्व हेपाटाइटिस दिवस पर विद्यार्थियों ने टीकाकरण के महत्व को दर्शाते पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया।
  - दिनांक 3 अगस्त से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता, सेमीनार, भाषण, ड्रामा, प्रश्नमंच आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
  - स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत विद्यार्थियों ने दिनांक 4 अगस्त को ग्राम कर्रापुर पहुँचकर घर–घर में स्वच्छता का संदेश दिया, दिनांक 14 अगस्त को स्वच्छता हेतु विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने दीवाल नारे लेखन, शैक्षणिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से ग्रामवासियों को जागरूक किया।
  - दिनांक 27 अगस्त को **लेम्पलाइटिंग सेरेमनी** कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सागर जिला कलेक्टर मान्नीय अशोक सिंह जी तथा मध्यप्रदेश की वरिष्ठ नर्स श्रीमति लल्ली देवी भदौरिया ने अतिथि के रूप में शिरकत

की। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये तथा नर्सिंग सेवा ईमानदारी से करने की शपथ ली। अतिथियों ने प्राचार्य राजकृष्णन तथा महाविद्यालय के शैक्षणिक /अशैक्षणित स्टाफ के कार्यों की सराहना की।

- फॉर्मेसी महाविद्यालय – यहाँ बताते हुए हर्ष हो रहा है कि बी.फार्म. आठवें सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत– प्रतिशत रहा है। जुलाई प्रथम माह में ही महाविद्यालय की सभी शीटें भर गयी थी। सहायक प्राध्यापक श्रीमति आकांक्षा जैन को 27 जुलाई को डॉ. हरिसिंह गौर केन्द्रीय वि.वि. द्वारा PHD की मानक उपाधि द्वारा सम्मानित किया गया है। शोध पत्र प्रकाशन की श्रृंखला में विगत माह MGIMS के राष्ट्रीय जनरल में प्राचार्य डॉ. अंकुर वैद्य तथा प्राध्यापक श्री सौरभ जैन का शोध पत्र प्रकाशित हुआ।
- पूर्व राष्ट्रपति स्व. कलाम जी की स्मृति में व्याख्यान एवं साइंस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 01.08.2015 को किया गया।
- पैरामेडीकल महाविद्यालय – न्यास द्वारा संचालित इस महाविद्यालय में DMLT द्वि वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ है।
- विशेष – डॉ. प्रयंक जैन (DM, Cardiology कलकत्ता मेडीकल कॉलेज) की सेवायें 16 अगस्त 2015 से प्रारंभ हो गयी है। निकट भविष्य में आपके चिकित्सालय में CATH LAB प्रारंभ की जा रही है जिससे कि बुन्देलखंड निवासियों के लिए ANGIOGRAPHY एवं ANGIOPLASTY सुविधा न्यूनतम दरों पर उपलब्ध रहेगी।
- माह मई 2015 में श्री एस.पी. जैन दिल्ली ने **K.100000/-**, जून 2015 में श्री राजकुमार ऋतुराज जैन ने **K.200000/-** माह जुलाई 2015 में बडकुल जी सागर ने **K.100000/-**, एवं श्रीमति रामवती अहिरवार ने **K.100000/-** की राशि दान दी जिसके लिए भाग्योदय तीर्थ धर्मार्थ न्यास हृदय से आभारी है।
- माह मई से अगस्त 2015 में आपके संस्थान द्वारा **K.10,41,781.00/-**का अतिरिक्त अनुदान मरीजों के लिए किया गया।
- **चिकित्सालय में भर्ती मरीजों के लिए भोजन तथा डायलिसिस के मरीजों के लिए दूध, नास्ता की निःशुल्क व्यवस्था दान–दाताओं के माध्यम से प्रतिदिन की जा रही है। आप भी इस पुण्य कार्य में अपनी चंचला लक्ष्मी का उपयोग कर पुण्य लाभ ले सकते हैं। आप अपनी दान राशि संस्था के A/c 30476854924 (SBI) सागर में सीधे जमा करें या चेक/ड्रॉफ्ट/मनीआर्डर द्वारा भेज सकते हैं।**
- हमें आपके मूल्यवान सुझाव 07694009102 पर SMS करके या पत्र लिखकर भेज सकते हैं।

भाग्योदय तीर्थ परिवार की ओर से . . .

संतोष खरे

जनसंपर्क अधिकारी